-प्रेस नोट-

जनपद मुजफ्फरनगर

दिनांक 14.03.2025

- **<u>थाना जानसठ पुलिस द्वारा हत्या के अभियोग में वांछित 01 हत्याभियुक्त गिरफ्तार-</u>**

दिनांक 13.03.2025 को थाना प्रभारी जानसठ श्री राजीव शर्मा मय हमराहीगण द्वारा अपनी चचेरी बहन की हत्या करने के अभियोग मु0अ0सं0- 45/2025 धारा 191(2)/103(1)/352 बीएनएस में वांछित अभियुक्त हरेन्द्र उर्फ साधु पुत्र निर्मल सिंह निवासी ग्राम तिलौरा थाना जानसठ, मुजफ्फरनगर को राजपुर तिराहा से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से आलात्कल 01 लकड़ी का डन्डा बरामद किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना जानसठ पुलिस द्वारा पंजीकृत अभियोग में धारा 317(2) बीएनएस की वृद्धि कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

- **<u>थाना खतौली पुलिस द्वारा दौराने पुलिस मुठभेड़ 01 वांछित हत्याभियुक्त गिरफ्तार-</u>**

दिनांक 14.03.2025 को प्रभारी निरीक्षक श्री बृजेश कुमार शर्मा थाना खतौली मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0- 103/2025 धारा 103(2)/109 बीएनएस में वांछित 01 हत्याभियुक्त अरुण पुत्र ताराचंद निवासी ग्राम जन्धेडी जाटान थाना खतौली जिला मुजफ्फरनगर को दौराने पुलिस मुठभेड़ फलावदा रोड पर गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 तमंचा मय 01 जिन्दा व 01 खोका कारतूस 315 बोर तथा आलकत्ल 01 चाकू बरामद किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना खतौली पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।